# University in News on 09 November 2023

**AMAR UJALA MY CITY PAGE 5**

## लविवि : विषम सेमेस्टर की परीक्षाएं 12 दिसंबर से

### विवि ने कार्यक्रम जारी कर तीन कार्य दिवसों में मांगीं आपत्तियां, 23 नवंबर तक भर सकेंगे फॉर्म

संवाद न्यूज एजेंसी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में विषम सेमेस्टर की परीक्षा 12 दिसंबर से होनी हैं। लविवि प्रशासन ने बुधवार को विषम सेमेस्टर की परीक्षा का प्रस्तावित कार्यक्रम वेबसाइट पर जारी कर दिया। इस पर तीन कार्य दिवसों में आपत्तियां मांगी गई हैं। इसके बाद कार्यक्रम को अंतिम रूप दिया जाएगा। इसके साथ ही लविवि ने परीक्षा फॉर्म भी जारी कर दिया है। फॉर्म भरने की अंतिम तारीख 23 नवंबर तय की गई है।

परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया कि स्नातक पहले, तीसरे व पांचवें सेमेस्टर की परीक्षाएं 12 दिसंबर से शुरू होंगी और 17 जनवरी को समाप्त होंगी। इसके तहत बीएससी की परीक्षा 12 दिसंबर से 6 जनवरी तक, बीकॉम की परीक्षा 12 दिसंबर से 27 दिसंबर तक और बीए की परीक्षा 12 दिसंबर से शुरू होकर जनवरी तक चलनी हैं। इनका विस्तृत कार्यक्रम वेबसाइट पर मौजूद है। अधिक जानकारी के लिए विद्यार्थी परीक्षा कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

**एलयूआरएन से भरेंगे परीक्षा फॉर्म**

लविवि में सत्र 2023-24 की विषम सेमेस्टर परीक्षा के लिए परिसर व डिग्री कॉलेज के विद्यार्थी नियमित, बैक पेपर, एग्जेम्टेड व इंप्रूवमेंट परीक्षा के लिए ऑनलाइन फॉर्म लविवि की वेबसाइट www.lkouniv.ac.in पर जाकर भर सकते हैं। फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 23 नवंबर है। परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि स्नातक व परास्नातक विषयों के प्रथम सेमेस्टर परीक्षा फॉर्म भरने के लिए छात्रों को एलयूआरएन पर किए गए रजिस्ट्रेशन नंबर के माध्यम से होगा। वहीं दूसरे व तीसरे वर्ष के छात्र पुराने तरीके से अपना परीक्षा फॉर्म भर सकते हैं।

**अलग से कोई शुल्क नहीं देना होगा**

लविवि परीक्षा विभाग की ओर से जारी सूचना के मुताबिक, नियमित छात्रों को परीक्षा फॉर्म के साथ अलग से कोई शुल्क नहीं जमा करना होगा। केवल ऑनलाइन परीक्षा फॉर्म भरकर सेमेस्टर की फीस रसीद के साथ अपने संबंधित विभागाध्यक्ष या डीन कार्यालय में फॉर्म जमा करना होगा। वहीं डीन और विभागाध्यक्ष द्वारा जमा किए गए परीक्षा फॉर्म को 28 नवंबर तक ऑनलाइन मोड में वेरीफाई कर फॉरवर्ड करना होगा। डिग्री कॉलेज के छात्रों को अपना परीक्षा फॉर्म भर करके प्रचार्य कार्यालय में जमा करना होगा। सभी महाविद्यालयों के प्राचार्य परीक्षा विभाग द्वारा जारी किए गए लॉगिन के माध्यम से परीक्षा फॉर्म को फॉरवर्ड करेंगे। इसके अलावा विश्वविद्यालय की ओर से तय किए गए परीक्षा शुल्क विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध कॉलेज की लॉगिन के माध्यम से नेट बैंकिंग या आरटीजीएस के माध्यम से जमा करेंगे।

**नेशनल कॉलेज : सेमेस्टर परीक्षाएं एक दिसंबर से**

लखनऊ। नेशनल पीजी कॉलेज ने बुधवार को सत्र 2023-24 के लिए विषम सेमेस्टर परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिया। स्नातक की पहले, तीसरे व पांचवें सेमेस्टर की परीक्षाएं एक दिसंबर से और परास्नातक पहले व तीसरे सेमेस्टर की परीक्षाएं 13 दिसंबर से शुरू होंगी। सभी परीक्षाएं 30 दिसंबर को समाप्त होंगी। प्राचार्य प्रो. देवेंद्र सिंह ने बताया कि विस्तृत जानकारी महाविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है। उन्होंने बताया कि जिन विद्यार्थियों की उपस्थिति 75 प्रतिशत से कम है उन्हें परीक्षा में बैठने नहीं दिया जाएगा। ऐसे विद्यार्थी प्रवेशपत्र भी नहीं डाउनलोड कर पाएंगे। सभी परीक्षाएं दो पालियों में होंगी। (संवाद)

### डाटा माइनिंग व डीप लर्निंग की दी जानकारी

लखनऊ। लविवि के इंजीनियरिंग संकाय में तीन दिवसीय इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस (आईसीसीआईसीएस-2023) के दूसरे दिन आयोजित तकनीकी सत्र में मुख्य वक्ता एनआईटी के डॉ. अमित कुमार सिंह ने डाटा माइनिंग व डीप लर्निंग के मॉडल के बारे में जानकारी दी। वहीं आईएनएचए यूनिवर्सिटी, उज्बेकिस्तान के प्रो. आशीष सेठ ने कहा कि गूगल ड्राइव, ड्रापबॉक्स, जीमेल और फेसबुक क्लाउड कम्प्यूटिंग के अच्छे उदाहरण हैं। डॉ. हिमांशु पांडेय, हिमांशु शुक्ला, डॉ. शिखा गौतम, डॉ. विनय सिंह और डॉ. जसवंत सिंह आदि मौजूद रहे। (संवाद)

### लविवि : छात्रों ने बच्चों संग मनाई दिवाली

लखनऊ। लविवि के पर्यटन अध्ययन संस्थान के छात्रों ने टूरिज्म स्टूडेंट डवलपमेंट क्लब संग झुगी वस्ती में रहने वाले बच्चों को कपड़े, मिठाइयां और भोजन बांटकर दिवाली की खुशियां साझा कीं। पारंपरिक दीयों के साथ उत्सव भी मनाया। शिक्षक व कर्मचारी भी उपस्थित रहे। संस्थान की समन्वयक डॉ. अनुपमा श्रीवास्तव ने बताया कि डॉ. आस्था शर्मा, डॉ. अमर कुमार तिवारी, डॉ. सुयश यादव और डॉ. सुधीर मिश्रा आदि शामिल रहे। (संवाद)

**लविवि : इंजीनियरिंग टीम ने जीती ट्रॉफी**

लखनऊ। लविवि के प्रबंधन विज्ञान संस्थान में बुधवार को तीन दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट चैंपियंस क्रिकेट लीग 2.0 का समापन हुआ। फाइनल मैच की ट्रॉफी ईसीसी इंजीनियरिंग टीम ने जीती और लॉ वॉरियर्स उप विजेता रही। इसमें नवीन परिसर के सभी विभागों आईएमएस, कानून, फार्मेसी, इंजीनियरिंग ने भाग लिया। प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव के मुताबिक, ग्रैंड फिनाले ट्रॉफी के विजेता परम (ईसीसी) रहे। (संवाद)

**बैठक 10 को**

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय में छह दिसंबर को होने वाले 66वें दीक्षा समारोह के लिए कमेटियां गठित होने के बाद तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय 10 नवंबर को सुबह 10.30 बजे मंथन हाल में तैयारियों की समीक्षा के लिए संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष, निदेशक, समन्वयक के साथ जरूरी बैठक करेंगे। कुलसचिव डा. विनोद कुमार सिंह ने इस संबंध में पत्र जारी किया है। (जास.)

**विषम सेमेस्टर परीक्षा के फार्म जारी, 23 तक मौका**

लखनऊ विश्वविद्यालय ने बुधवार को स्नातक व परास्नातक एवं डिप्लोमा आदि की विषम सेमेस्टर परीक्षा दिसंबर-2023 के नियमित, बैक पेपर, इम्प्रूवमेंट व इक्जेम्टेड परीक्षा के आनलाइन फार्म जारी कर दिए। छात्र-छात्राएं विश्वविद्यालय की वेबसाइट https://www.lkouniv.ac.in/ के माध्यम से 23 नवंबर तक फार्म भर सकते हैं। प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश लेने वाले सभी छात्र-छात्राओं का परीक्षा फार्म लखनऊ यूनिवर्सिटी रजिस्ट्रेशन पोर्टल (एलयूआरएन) पोर्टल पर किए गए रजिस्ट्रेशन के माध्यम से भरे जाएंगे। परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद ने बताया कि नियमित विद्यार्थियों को आनलाइन फार्म भरकर सेमेस्टर शुल्क की रसीद के साथ संबंधित विभागाध्यक्ष या संकायाध्यक्ष कार्यालय में जमा करना होगा। वहां से 28 नवंबर तक परीक्षा विभाग को भेजना होगा।

**यहां करें संपर्क**

विषय एवं नाम परिवर्तन के लिए विद्यार्थी का परीक्षाफार्म रिसेट करने की सुविधा कालेज लागिन पर उपलब्ध है। छात्र-छात्राओं को यदि आनलाइन परीक्षा फार्म में कोई दिक्कत है तो हेल्पलाइन नंबर 7897999244, 7897992064, वाट्सअप नंबर-7897992062 व 0522-4150500, ई-मेल lu.support@otpl.co.in पर मेल कर सकते हैं।

**JAGRAN CITY PAGE III**

## महीने की खरीदारी के लिए भी माल में ज्यादा जाते हैं लोग

### लवि के एमए अर्थशास्त्र विभाग की छात्रा ने किया आर्गेनाइज्ड रिटेल स्टोर्स का किराना स्टोर पर प्रभाव विषय पर सर्वे

जासं, लखनऊ : भले ही लोग रोजाना की जरूरत का सामान किराना स्टोर से लेते हैं, लेकिन महीने भर की खरीदारी के लिए आर्गेनाइज्ड रिटेल स्टोर (माल) जाना ज्यादातर की पसंद है। लखनऊ विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग में एमए चौथे सेमेस्टर की छात्रा सौम्या अवस्थी की ओर से 'आर्गेनाइज्ड रिटेल स्टोर्स का किराना स्टोर पर प्रभाव विषय पर किए गए इंटर्नशिप सर्वे में यह तथ्य सामने आए हैं।

अर्थशास्त्र विभाग के प्रोफेसर एमके अग्रवाल के नेतृत्व में हुए छात्रा ने इंदिरा नगर की बाजार का सर्वे किया। इनमें 30 किराना स्टोरर्स के साथ-साथ 100 ग्राहकों से बातचीत की गई। इनमें लवि के कैलाश छात्रावास के आसपास के कुछ लोगों से भी प्रतिक्रिया ली गई। दो भाग में हुए इस सर्वे में पहले 21 तो दूसरे में पांच प्रश्न थे। छात्रा की सर्वे रिपोर्ट के अनुसार 32 प्रतिशत लोग सप्ताह में एक बार, 44 प्रतिशत लोग दो सप्ताह में एक बार माल जाते हैं। वहीं, 18 प्रतिशत लोग महीने में एक बार जाते हैं। छह प्रतिशत लोग ही वहां रोजाना जाते हैं। 30 प्रतिशत मनोरंजन करने जाते हैं।

**किराना स्टोर पर मिलने वाली सुविधा**

- 30 में से 28 किराना स्टोर पर आनलाइन पेमेंट की सुविधा
- 15 प्रतिशत किनारा स्टोर पर उधार देने की सुविधा
- 10 प्रतिशत पर होम डिलिवरी की सुविधा
- सात प्रतिशत पर दिए जाते हैं फ्री गिफ्ट
- 30 में से 28 किराना स्टोर पर आनलाइन पेमेंट की सुविधा

**PIONEER PAGE 3**

## एलयू के छात्रों ने झुग्गी-बस्ती में रहने वाले परिवारों के बीच मनाया रोशनी का त्योहार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

लखनऊ विश्वविद्यालय के पर्यटन अध्ययन संस्थान के छात्रों ने बुधवार को रोशनी का त्योहार दीपावली मनाने का एक अनूठा तरीका शुरू किया। छात्रों ने अपने टूरिज्म स्टूडेंट डेवलपमेंट क्लब के माध्यम से और संकाय और कर्मचारियों के साथ मिलकर छात्र सामाजिक उत्तरदायित्व की अवधारणा पेश की है। यह अधिक लोकप्रिय कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व का सबसेट है। छात्रों द्वारा एसएसआर रूप में दिवाली उत्सव समुदाय को वापस लौटाने और छात्रों में करुणा साझा करने की आदत विकसित करने का एक सार्थक तरीका है।

फैकल्टी और कर्मचारियों के साथ छात्र त्योहार मनाने के लिए विश्वविद्यालय के दूसरे परिसर के पीछे स्थित झुग्गी बस्ती में एकत्र हुए। उन्होंने बच्चों को कपड़े, मिठाइयाँ और भोजन दान किया और साथ ही पारंपरिक दीयों के साथ एक छोटा उत्सव भी आयोजित किया। टीएसडीसी के अध्यक्ष आनंद ने कहा कि वंचित बच्चों के लिए दिवाली जलाना रोशनी के त्योहार के दौरान खुशी फैलाने का एक अद्भुत और दयालु तरीका है। छात्रों ने उत्साहपूर्वक अपना समय और प्रयास वंचित बच्चों की मदद के लिए दान किया ताकि उनकी दीवाली को उज्जवल बनाया जा सके। एक दिन पहले लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने हरित दिवाली पोस्टर लॉन्च किया था और कहा था कि छात्रों के ऐसे प्रयास वंचित बच्चों के चेहरों पर मुस्कान ला सकते हैं और उनके लिए एक यादगार दिवाली बना सकते हैं। उन्होंने कहा कि यह आयोजन सिर्फ उनकी दिवाली को रोशन करने के बारे में नहीं है, बल्कि युवाओं के बीच समुदाय और सहानुभूति की भावना को बढ़ावा देने के लिए भी है। प्रोफेसर संगीता साहू, डीन छात्र कल्याण ने कहा कि वंचित बच्चों के लिए दिवाली को रोशन करने के लिए एसएसआर पहल में शामिल होने वाले छात्रों की अवधारणा एक सराहनीय और हृदयस्पर्शी विचार है। संस्थान की समन्वयक डॉ. अनुपमा श्रीवास्तव ने कहा कि हरित दिवाली की एसएसआर गतिविधि छात्रों और समाज के बीच जुड़ाव पैदा करने वाली पहली गतिविधि है और आने वाले महीनों में ऐसे कई आयोजनों को लागू करने की योजना बनाई गई है। कार्यक्रम में शामिल होने वालों में डॉ आस्था शर्मा, डॉ अमर कुमार तिवारी, डॉ सुयश यादव और डॉ सुधीर मिश्रा शामिल थे। कार्यक्रम का संचालन करने वाले वरुण, सांस्कृतिक प्रमुख शगुन, यश, दिव्यांश, साध्वी, प्रथा और अंशिका सहित बड़ी संख्या में छात्र उपस्थित थे। रंगोली प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। इंस्टीट्यूट ऑफ टूरिज्म स्टडीज की खुशी पहले और बीटेक के छात्र दूसरे स्थान पर रहे।

**विवि की विषम सेमेस्टर परीक्षा को लेकर प्रस्तावित कार्यक्रम जारी**

विश्वविद्यालय में बुधवार को सत्र 2023-24 विषम सेमेस्टर परीक्षा के लिए प्रस्तावित परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। छात्र एलयू की आधिकारिक वेबसाइट पर परीक्षा कार्यक्रम देख सकते हैं। किसी भी तरह की समस्या होने पर तीन कार्य दिवसों में परीक्षा विभाग में आपत्ति दर्ज कर सकेंगे। इस संबंध में परीक्षा नियंत्रक की ओर से पत्र जारी कर दिया गया है। जिसके तहत स्नातक पाठ्यक्रमों की पहले तीसरे व पांचवे सेमेस्टर की परीक्षाएं 12 दिसंबर से शुरू होंगी और 17 जनवरी को समाप्त होंगी। परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया कि परीक्षा संबंधित सभी तैयारियां अंतिम चरण में हैं।

## गुम होती जा रही पुश्तैनी आन और खानदानी शान

- ग्रामीण अंचल में भी एकल परिवार ने बदल दी साझा परिवार की पहचान
- लविवि के शोध में हुआ खुलासा, अब सिमटता जा रहा है बड़े कुनबे का ताना-बाना

सतीश सिंह। लखनऊ



जहां पहले बड़े परिवार में पुश्तैनी आन-बान और खानदानी शान झलकती थी, वहां इस रुतबे का दायरा अब सिमट कर रह गया है। कभी ग्रामीण अंचल इसके गवाह थे लेकिन आधुनिकता की दौड़ में हम दो, हमारे दो या फिर छोटा परिवार-सुखी परिवार के कांसेप्ट ने पूरी कहानी ही बदल दी है। जनसंख्या नियंत्रण को लेकर सरकारी ऐलान अब परिवारों की शान बन गया है। अभी तक शहरी इलाकों में एकल परिवार की प्रवृत्ति बढ़ती जा रही थी लेकिन अब ग्रामीण इलाकों में साझा परिवार की पुरखों की परंपरा गुम होती जा रही है। लखनऊ विश्वविद्यालय के समाजकार्य विभाग में किये गये शोध में यह सच्चाई उजागर हुई है कि गांवों में भी 59.95 फीसद परिवार एकल व्यवस्था की राह पर चल पड़े हैं।

समाज कार्य विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. राजकुमार सिंह के निर्देशन में ग्रामीण परिवार में रह रही महिलाओं के साथ हो रहे उत्पीड़न की प्रकृति जानने के लिए किये गये शोध में सामने आया है कि अब संयुक्त परिवार का कांसेप्ट धीरे-धीरे समाप्त हो रहा है। हां, यह बात दीगर है कि हम दो, हमारे दो का कांसेप्ट में परिवार के सदस्यों की संख्या 4 से 6 तक पाई गयी है। एकल परिवार की बढ़ती प्रवृत्ति के पीछे प्रो. सिंह का मानना है कि इसके पीछे कई कारण हो सकते हैं। जिनमें रोजगार प्रमुख है। रोजगार की दृष्टि से भी लोग अपने परिवार संग शहरी एरिया में रहने लगे हैं। ऐसे में उनके परिवार के अन्य सदस्य, जो आज भी ग्रामीण इलाकों में निवास कर रहे हैं, अपने परिवार के साथ जीवन व्यतीत कर रहे हैं। कहने का तात्पर्य अलग न रहते हुए भी अलग हैं। वहीं लोगों की बदलती सोच (वैचारिक मतभेद) भी एकल परिवार की संस्कृति को जन्म दे रही है। या फिर परिवार के सदस्यों की संख्या बढ़ने पर धीरे-धीरे छोटा परिवार-सुखी परिवार का कांसेप्ट आ रहा है। शोध के दौरान महज 40.01 फीसद परिवार ही ऐसे पाये गये, जो आज भी संयुक्त परिवार के रूप में स्थापित हैं।

**शोध कार्य में दो पंचायतों को किया गया शामिल:** प्रो. राजकुमार सिंह के निर्देशन में शोध को पूरा करने वाले शोध छात्र नीरज कुमार वर्मा ने महिलाओं की स्थिति जानने के लिए लखनऊ की दो ग्राम पंचायत मलिहाबाद और काकोरी को शामिल किया। इसमें विशेष रूप से दोनों ग्राम पंचायत से 20-20 परिवारों को शामिल किया गया था। उसके बाद इन परिवारों के सभी सामाजिक आयाम को जानने के लिए 200 से अधिक प्रश्न तैयार कर उनके जवाब उनसे पूछे गए थे और उसके आधार पर पूरा विश्लेषण किया गया है। शोध के दौरान पढ़ाई के स्तर से लेकर रोजगार तक को शामिल किया गया।

**समय से रोजगार न मिलना और परिवार की आर्थिक स्थिति जिम्मेदार**

उत्पीड़न के पीछे ग्रामीण परिवेश में रह रही महिलाओं ने माना कि उनके साथ घर पर उत्पीड़न हो रहा है। उत्पीड़न का मुख्य कारण समय से रोजगार न मिलना और परिवार की आर्थिक स्थिति भी जिम्मेदार है।

72.35 फीसदी लोगों ने माना है कि उनके साथ उत्पीड़न हो रहा है। प्रो. सिंह ने बताया कि इस शोध में जब इन परिवारों के लोगों से पूछा गया कि उनके साथ किस तरह का उत्पीड़न होता है, तो तो सभी ने निम्न व मध्यम स्तर के उत्पीड़न की बात कही, जो आमतौर पर भारतीय घरों में देखने को मिलता है। उन्होंने बताया कि जब इस उत्पीड़न के प्रकार के बारे में ग्रामीणों से बात की तो उन्होंने कहा कि यह ऐसे उत्पीड़न नहीं है, जिन्हें कानूनी दायरे में परिवार के लोग लाते हो। पर, हां यह जरूर है कि इस तरह के उत्पीड़न के वह रोज शिकार होते हैं। 38.24 प्रतिशत महिलाओं ने मना किया उत्पीड़न का स्तर निम्न लेवल का है।

34.12 फीसद महिलाओं ने माना कि उनके साथ हो रहा उत्पीड़न का स्तर मध्यम है। शोध में जिन्हे शामिल किया गया उनमें 31.36 फीसद युवा थे, जबकि 45.57 फीसद 50 साल के ऊपर या वृद्ध महिलाएं शामिल है। प्रोफेसर सिंह ने बताया कि जब इस विषय में ग्राम पंचायत से जुड़े लोगों से बात की गई तो उन्होंने कहा कि हम जरूरी चीजों को पूरा करने में लगे रहते हैं। जबकि रोजगार व व्यवसाय को बढ़ाने के लिए ग्राम पंचायत की तरफ से कोई विशेष कार्य योजना नहीं तैयार की जाती है।

**ग्रामीण परिवारों की मासिक आय**

- 54.78 फीसदी परिवारों की मासिक आय 3 से 15000 रुपए
- 34.03 फीसदी परिवारों की मासिक आय 15 से 40 हजार रुपए
- 2.07 फीसदी परिवारों की मासिक आय 40000 से अधिक

**परिवारों में कुल सदस्य संख्या**

- 65.89 फीसद कुल परिवारों में चार से पांच या 6 या 7 सदस्य है
- 44.44 फीसद परिवारों में चार से पांच सदस्य है
- 2.45 फीसद परिवारों में 6 से 7 संख्या है

**परिवारों में महिलाओं की शिक्षा का स्तर**

- 39.79 फीसद महिलाएं 10वीं या 12वीं पढ़ी लिखी हैं
- 22.22 फीसद महिलाओं ने स्नातक या परास्नातक तक पढ़ाई की है
- 17.57 फीसद महिलाएं अशिक्षित हैं

**परिवारों के महिलाओं की व्यावसायिक स्थिति**

- 36.43 फीसद कृषि निर्भर हैं
- 15.36 फीसद मजदूरी करती हैं
- 5.94 फीसद परिवार छोटा व्यापार करती हैं
- 63.57 फीसद महिलाएं घरों का काम करती हैं

**AMRIT VICHAR PAGE 4**

## छात्रों ने झुग्गी झोपड़ी में बिखेरी मुस्कान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

बच्चों के साथ दीपोत्सव मनाते विवि के छात्र। अमृत विचार

अमृत विचार : सुविधाओं से वंचित परिवार में मुस्कान बिखरती दिखी। लखनऊ विवि के छात्रों ने झुग्गी झोपड़ियों में रहने वाले लोगों के बीच एक छोटा सा दीपोत्सव मनाया और बच्चों को मिठाई के साथ कपड़े भी बांटे।

बीते दिन विवि के कुलपति आलोक कुमार राय ने हरित दिवाली का पोस्टर साझा किया था। इसी के बाद छात्र और अधिक प्रेरित हुए। बुधवार को प्रोफेसर संगीता साहू के नेतृत्व में छात्र-छात्राएं विवि के परिसर के करीब झुग्गी झोपड़ियों में पहुंचे। बच्चों से बातचीत की और फिर उन्हें ढेरों उपहार दिये। बच्चों की मुस्कान के साथ घर की महिलाओं को कपड़े भी दिये गए।

विवि के छात्रों के बीच रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में सांस्कृति प्रमुख शगुन, यश, दिव्यांश, साध्वी सहित बड़ी संख्या में छात्रों ने प्रतिभाग किया। ऐसे में इंस्टीट्यूट ऑफ टूरिज्म स्टडीज की खुशी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

**प्रयास**

- विवि के छात्रों ने बच्चों को मिठाई और दिये कपड़े
- दीये के साथ मनाया गया दीपों का उत्सव

**फार्म भरने की तिथि निर्धारित**

लखनऊ : लविवि एवं सहयुक्त महाविद्यालयों के विषम सेमेस्टर को लेकर तिथि का निर्धारण किया गया है। परीक्षा नियंत्रक ने बताया कि बैक पेपर, नियमित पेपर आदि के भरने की अंतिम तिथि 23 नवम्बर निर्धारित की गई है।

**वर्चुअल कैम्पस प्लेसमेंट का आयोजन**

लखनऊ : विवि व्यवसाय प्रशासन विभाग में एक वर्चुअल कैम्पस प्लेसमेण्ट ड्राइव का आयोजन किया गया। जोनल प्रमुख आशीष तिवारी ने भर्ती क्रिया का पर्यवेक्षण किया। 18 छात्रों ने वर्चुअल कैम्पस ड्राइव में प्रतिभाग किया। व्यक्तिगत विषयों पर छात्रों का साक्षात्कार हुआ। ऐसे में क्षमताओं का आंकलन करते हुए तीन छात्र अली मुख्तार, मानसी यादव और सत्यजीत बुद्धसैनी को चयनित किया। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष प्रोफेसर संगीता साहू, डॉ. अनु कोहली, डॉ. वेद श्रीवास्तव, डॉ. अंकित श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

**गूगल ड्राइव की टोही नजर**

लखनऊ : विवि में दो तकनीकी सेशन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के पहले सत्र में प्रोफेसर आशीष सेठ ने क्लाउड कम्प्यूटरिंग टेक्नोलॉजी की उपयोगिता के बारे में प्रकाश डाला। कार्यक्रम में शामिल हुए छात्रों को गूगल ड्राइव, ड्रॉप बॉक्स आदि की बिन्दुवार जानकारी दी गई। दूसरे सत्र मे डॉ. अमित कुमार सिंह ने डॉटा माइनिंग एवं डीप लर्निंग की मॉडल प्रस्तुत कर उपयोगिता के बारे में बताया।

**परीक्षाओं की तिथियां निर्धारित**

लखनऊ : बीकॉम से जुड़ी वित व्यवसाय सहित अन्य सेमेस्टर की परीक्षाओं की तिथियों का निर्धारण हो गया है। 13 दिसंबर से शुरू होने वाली परीक्षाएं 27 दिसंबर तक आयोजित की जाएंगी। उधर बीए सेमेस्टर प्रथम को लेकर भी तिथियां सुनिश्चित की गई है। ये परीक्षाएं 12 दिसंबर से शुरू होकर 10 जनवरी तक होंगी।

**दीक्षांत समारोह तैयारियों की होगी समीक्षा**

लखनऊ : लखनऊ विवि में दीक्षांत समारोह को लेकर एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई है। 10 नवंबर को होने वाली बैठक की अध्यक्षता कुलपति आलोक कुमार राय द्वारा की जाएगी।

**LOKSATYA PAGE 2**

## ईसीसी इंजीनियरिंग विजेता और लॉ वॉरियर्स की टीम उपविजेता रही

लखनऊ, लोकसत्य

तीन दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट चैंपियंस क्रिकेट लीग 2023 एलयू के कुलपति प्रो आलोक कुमार राय एलयू आईएमएस प्रो विनीता काचर के मार्गदर्शन में हुई। लखनऊ यूनिवर्सिटी प्रबंधन विज्ञान संस्थान की ओर से आयोजित लीग नए परिसर में विभिन्न संकायों व विभागों के स्टूडेंट्स मौजूद रहे। नए परिसर के सभी विभागों आईएमएस, कानून, फार्मेसी, इंजीनियरिंग ने भाग लिया।

इवेंट सभी नॉकआउट मैच 6 नवंबर को जीसीएल, फार्मा स्ट्राइकर्स, द डायनामिक्स, ईसीसी, मैनेजमेंट इलेवन, आईएमएस जायंट्स, स्पार्टन स्ट्राइकर्स, लॉ वॉरियर्स के बीच खेले गए। दो टीमें जीसीएल बनाम ईसीसी और मैनेजमेंट इलेवन बनाम लॉ वॉरियर्स ने सेमीफाइनल मैच खेले। 7 नवंबर 2023 को ईसीसी और लॉ वॉरियर्स फिनाले मैच के विजेता रहे। इवेंट का फाइनल 8 नवंबर 2023 को खेला गया। फाइनल मैच की ट्रॉफी ईसीसी इंजीनियरिंग टीम ने जीती और लॉ वॉरियर्स उपविजेता टीम रही। फिनाले मैच ट्रॉफी के विजेता प्रशांत पटेल (जीसीएल), परम (ईसीसी), हर्षित पांडे (एमएक्सआई), ओमकार (एलडब्ल्यू), परम (ईसीसी), ओमकार (एलडब्ल्यू) हैं। ग्रैंड फिनाले ट्रॉफी का विजेता परम (ईसीसी) विजेता हैं। अंत में विभिन्न विभाग की फैकल्टियों के बीच मैच हुआ। यह कार्यक्रम आईएमएस, स्पोर्ट्स, समिति ने किया।

### एलयू स्टूडेंट्स ने जरूरतमंद बच्चों के साथ मनाई दीपावली

लखनऊ, लोकसत्य। लखनऊ यूनिवर्सिटी के पर्यटन अध्ययन संस्थान के स्टूडेंट्स ने दीपोत्सव पर जरुरतमंद बच्चों को उपहार भेंट किए। झुग्गी के बच्चों के साथ दीपावली मनाई। कपड़े, मिठाइयां और भोजन दान किया।

टीएसडीसी के अध्यक्ष आनंद ने कहा कि वंचित बच्चों के बीच हम रोशनी के इस पर्व की खुशियां बांटने निकले हैं। कुलपति प्रो आलोक कुमार राय ने 'हरित दिवाली' पोस्टर लांच कर कहा कि स्टूडेंट्स के ऐसे प्रयास वंचित बच्चों के चेहरों पर मुस्कान ला सकते हैं और उनके लिए एक यादगार दिवाली बना सकते हैं। उन्होंने कहा कि यह आयोजन सिर्फ दीवाली रोशन करने में नहीं। बल्कि समुदाय और सहानुभूति की भावना को बढ़ावा देने का भी है।

**NBT PAGE 6**

## नैक मूल्यांकन से कॉलेजों की दूरी पर LU सख्त

एनबीटी, लखनऊः लखनऊ यूनिवर्सिटी से संबद्ध ज्यादातर डिग्री कॉलेजों ने नैक मूल्यांकन से दूरी बना रखी है। आलम यह है कि विवि से 545 कॉलेज संबद्ध होने के बावजूद महज 6 ने ही अब तक ग्रेडिंग करवाई है। हालात देखते हुए विवि के कॉलेज ऑफ डिवेलपमेंट काउंसिल (सीडीसी) के डीन ने सभी कॉलेजों को अनिवार्य रूप से नैक मूल्यांकन में शामिल होने के निर्देश दिए हैं। सीडीसी डीन प्रो. अवधेश त्रिपाठी के अनुसार अभी तक केवल नेशनल, आईटी, कालीचरण, शिया, एलपीएस प्रोफेशनल स्टडीज और सीबी गुप्त कॉलेज की ग्रेडिंग हुई है। ऐसे में बाकी कॉलेजों को मूल्यांकन के लिए आवेदन करने की खातिर फिर से निर्देश जारी किए गए हैं।

### LU: 23 तक भर सकेंगे परीक्षा फॉर्म

एनबीटी, लखनऊः एलयू प्रशासन ने विश्वविद्यालय व सम्बद्ध डिग्री कॉलेजों में विषम सेमेस्टर के परीक्षा फॉर्म भरने की डेट जारी कर दी है। स्टूडेंट 23 नवंबर तक परीक्षा फॉर्म भर सकेंगे। नियमित स्टूडेंट्स के साथ बैक पेपर, इंप्रूवमेंट परीक्षा के लिए भी विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.lkouniv.ac.in पर फॉर्म भरना होगा। परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया कि रेगुलर स्टूडेंट्स को परीक्षा फॉर्म भरने के लिए कोई शुल्क नहीं जमा करना पड़ेगा। इन स्टूडेंट्स को केवल ऑनलाइन परीक्षा फॉर्म भरकर सेमेस्टर फीस की रसीद के साथ फॉर्म की कॉपी संबंधित विभागाध्यक्ष या डीन कार्यालय में जमा करनी होगी। विभागाध्यक्ष व डीन परीक्षा फॉर्म को वेरिफाई कर 28 नवंबर तक फॉरवर्ड करेंगे।

**HINDUSTAN PAGE 6**

## एलयू में विषम सेमेस्टर के परीक्षा फॉर्म जारी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में सत्र 2023-24 विषम सेमेस्टर परीक्षा के लिए फॉर्म जारी कर दिए गए हैं। विद्यार्थी 23 नवंबर तक परीक्षा फॉर्म भर सकेंगे। एलयू व संबद्ध कॉलेजों के छात्र-छात्राएं नियमित, बैक पेपर, इक्जेम्टेड व इंप्रूवमेंट परीक्षा के लिए ऑनलाइन फॉर्म विवि की आधिकारिक वेबसाइट www. lkouniv. ac. in पर भर सकते हैं। परीक्षा फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 23 नवंबर निर्धारित की गई है।

**JAGRAN CITY PAGE III**

**बैठक 10 को**

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय में छह दिसंबर को होने वाले 66वें दीक्षा समारोह के लिए कमेटियां गठित होने के बाद तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय 10 नवंबर को सुबह 10.30 बजे मंथन हाल में तैयारियों की समीक्षा के लिए संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष, निदेशक, समन्वयक के साथ जरूरी बैठक करेंगे। कुलसचिव डा. विनोद कुमार सिंह ने इस संबंध में पत्र जारी किया है। (जासं.)

**20 से मिड टर्म परीक्षाएं**

लखनऊ : बप्पा श्री नारायण वोकेशनल पीजी कालेज में 20 नवंबर से एम.एस.सी मिड टर्म की परीक्षाएं शुरू होंगी। रसायन विज्ञान विभाग के हेड प्रो. डीके गुप्ता की ओर से जारी सूचना के अनुसार यह परीक्षाएं 28 नवंबर तक चलेंगी। छात्र-छात्राएं वेबसाइट https://bsnvpgcollege.co.in/ के माध्यम से देख सकते हैं। (जासं)

## जरूरतमंद बच्चों संग बांटी दीपावली की खुशियां

लखनऊ विश्वविद्यालय जानकीपुरम परिसर में पर्यटन अध्ययन विभाग के विद्यार्थी

**लखनऊ विश्वविद्यालय के पर्यटन अध्ययन संस्थान के विद्यार्थियों ने सामाजिक उत्तरदायित्व को आगे बढ़ाया**

जासं, लखनऊ: लखनऊ विश्वविद्यालय द्वितीय कैंपस जानकीपुरम के पर्यटन अध्ययन संस्थान में दीपावली को खास बनाया गया। छात्रों ने टूरिज्म स्टूडेंट डेवलपमेंट क्लब के माध्यम से संकाय और कर्मचारियों के साथ मिलकर छात्र सामाजिक उत्तरदायित्व (एसएसआर) को आगे बढ़ाया। परिसर के पीछे स्थित झुग्गी बस्ती में जरूरतमंद बच्चों को कपड़े, मिठाइयां, उपहार दिए, भोजन भी कराया। उनके बीच पारंपरिक दीयों के साथ एक छोटा उत्सव भी मनाया।

रंगोली प्रतियोगिता में पर्यटन अध्ययन संस्थान की खुशी प्रथम रहीं। बी.टेक. के छात्र दूसरे स्थान पर रहे। क्लब के अध्यक्ष आनंद ने कहा कि वंचित बच्चों के लिए दीपावली जलाना रोशनी के त्योहार के दौरान खुशी फैलाने का एक अलग तरीका है। कुलपति प्रो. आलोक राय ने एक दिन पहले हरित दीपावली का पोस्टर लांच किया था। डीन छात्र कल्याण प्रो. संगीता साहू ने कहा कि वंचित बच्चों के लिए दीपावली को रोशन करने के लिए यह छात्रों की ओर से एक सराहनीय पहल है। संस्थान की समन्वयक डा. अनुपमा श्रीवास्तव ने कहा कि एसएसआर गतिविधि के तहत आगे भी कई कार्यक्रम किए जाएंगे। कार्यक्रम में डा. आस्था शर्मा, डा. अमर कुमार तिवारी, डा. सुयश यादव और डा. सुधीर मिश्रा थे। संचालन वरुण, शगुन, यश, दिव्यांश, साध्वी, प्रथा और अंशिका ने किया।

**विश्वविद्यालय ने जारी किया प्रस्तावित परीक्षा कार्यक्रम, स्नातक की विषम सेमेस्टर परीक्षाएं 12 से**

लखनऊ विश्वविद्यालय ने स्नातक बीए और बीकाम विषम सेमेस्टर परीक्षाओं का प्रस्तावित कार्यक्रम बुधवार शाम को जारी कर दिया। यह परीक्षाएं 12 दिसंबर से शुरू होकर 17 जनवरी तक संचालित होंगी। इस परीक्षा कार्यक्रम पर तीन कार्य दिवसों में परामर्श एवं अभिमत परीक्षा नियंत्रक कार्यालय में उपलब्ध कराए जा सकते हैं। इसके बाद फाइनल कार्यक्रम जारी किया जाएगा। बीए प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं 12 से तीन जनवरी, तीसरे सेमेस्टर की परीक्षा 13 दिसंबर से 11 जनवरी तक, पांचवें सेमेस्टर की परीक्षा नौ दिसंबर से 17 जनवरी तक, बी.काम प्रथम सेमेस्टर (एनईपी) की परीक्षाएं 13 से 26 दिसंबर व तीसरे सेमेस्टर एनईपी की 13 से 27 दिसंबर, बी.काम पांचवें सेमेस्टर एनईपी रेगुलर की परीक्षा 12 से 23 दिसंबर तक प्रस्तावित की गई है।